हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

06 कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किया गेहूं की ...



07 सोनकच्छ से तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे थे...





## खबर संक्षेप

### डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की जयंती आज

**सीहोर।** डॉ. अम्बेडकर साहेब की 135 वी जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी कांग्रेस के अनुसांगिक संगठनों से अनुसूचित बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 में आज दिनांक 14 अप्रैल 2026, दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे स्थानीय गंज अम्बेडकर पार्क में पहुंचकर भव्य रूप से जयंती मनाने का कांग्रेस सभी अनुसांगिक संगठनों से अनुरोध किया है।

### नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को खंगराले ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** डॉ.अम्बेडकर जयंती स्थल की व्यवस्था को लेकर पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह को डॉ.अम्बेडकर पार्क में साफ-सफाई रोडो पर चुना, टेंट, माईक मशीन, कुर्सी, पानी के केम्पर तथा पानी का टेंकर सहित अम्बेडकर पार्क तथा प्रतीमा की पुताई पर रंग रोगन सहित समुचित व्यवस्था की मांग की गई है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



**सीहोर।** सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर कॉलेज द्वारा भैरूंदा के ग्राम वासुदेव में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी आयोजित की गई। संगोष्ठी का विषय आधुनिक परिदृश्य में उच्च शिक्षा के सरोकार था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप को हमें सकारात्मकता के साथ ग्रहण करना चाहिए और अपने कर्तव्यों को सदैव पूर्ण निष्ठा के साथ निभाना चाहिए।

### विज्ञापन के मोह में सरकारी दफ्तर, स्कूल और बिजली के खंभे भी नहीं छोड़े, जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

# बदरंग होता 'फ्लेक्सी सीहोर', सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा, नियमों की उड़ रही धज्जियां!

### सेहत और पर्यावरण के लिए 'धीमा जहर' है पीवीसी फ्लेक्स, नपा की कार्रवाई सिर्फ हटाने तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय इन दिनों 'फ्लेक्सी सीहोर' के रूप में नजर आने लगा है। शहर की सरकारी इमारतों, स्कूलों की बाउंड्री वॉलए बिजली के खंभों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों की दीवारों पर धड़ल्ले से प्रचार वाले फ्लेक्स टांगे जा रहे हैं। शासकीय संपत्ति विरूपण अधिनियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी ने फ्लैक्स लगाने वालों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।

बता दें शहर के पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे से लेकर भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, बड़ा बाजार, लिसा टॉकीज चौराहा, तहसील चौराहा, गणेश मंदिर रोड और मंडी क्षेत्र तक, ऐसा कोई कोना नहीं बचा जहां फ्लेक्स न लगे हों। राजनीतिक दलों के नेताओं की बधाई हो, कोचिंग संस्थानों के विज्ञापन हों या निजी कार्यक्रमों के प्रचार, इन सभी ने सरकारी संपत्तियों को अपना निजी होर्डिंग बोर्ड समझ लिया है। स्कूलों की दीवारों और बिजली के पोल पर लगे ये फ्लेक्स न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे हैं, बल्कि हादसों को भी न्योता दे रहे हैं।

#### नियम सख्त, पर अमल नदारद

मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत किसी भी शासकीय संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर, बैनर या फ्लेक्स लगाना दंडनीय अपराध है। नियमों के मुताबिक उल्लंघन करने वाले को 6 महीने तक की जेल हो सकती है। भारी जुर्माने का भी प्रावधान है। इसके बावजूद शहर में आज तक किसी बड़ी संस्था या व्यक्ति पर ऐसी सख्त कार्रवाई नहीं देखी गई।

#### सिर्फ हटाने से नहीं चलेगा काम जुर्माना जरूरी

शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका की टीम आती है और फ्लेक्स फाडकर ले जाती है, लेकिन अगले ही दिन वहां नए फ्लेक्स टंग जाते हैं। जनता की मांग है कि जिस व्यक्ति या संस्था का नाम फ्लेक्स पर लिखा है, सीधे उन पर एफआईआर दर्ज हो और भारी जुर्माना वसूला जाए। जब तक जेब पर असर नहीं पड़ेगा, तब तक शहर को विरूपित करने का यह सिलसिला नहीं थमेगा।




#### सावधान! सेहत का दुश्मन है यह फ्लेक्स

100 साल तक नहीं गलताः ज्यादातर फ्लेक्स पीवीसी (पॉली विनाइल क्लोराइड) से बने होते हैं। यह एक प्रकार का सिंगल यूज प्लास्टिक है जो जमीन में दबने पर 500 साल तक वैसा ही पड़ा रहता है।
जलाया तो कैंसर का खतराः पुराने फ्लेक्स को अक्सर कचरे में जला दिया जाता है। इससे निकलने वाली डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसी गैसें हवा को जहरीली बनाती हैं, जिससे सांस की बीमारी और कैंसर का खतरा बढ़ता है।
पानी को कर रहा जहरीलाः इसकी प्रिंटिंग में इस्तेमाल होने वाली सॉल्वेंट इंक में हैवी मेटल होते हैं। बारिश के पानी के साथ ये केमिकल घुलकर जमीन के अंदर चले जाते हैंए जिससे भूजल दूषित हो रहा है।
बेजुबानों के लिए कालः सडक़ों और नालियों में पड़े फ्लेक्स को जब गाय या अन्य जानवर खाते हैं तो यह उनकी आंतों में फंस जाता है, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। इसके अलावा ये ड्रेनेज सिस्टम को जाम कर जलभराव की समस्या भी पैदा करते हैं।







#### मुहिम जल्द शुरू होगी

समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध फ्लेक्स हटाए जाते हैं। हम जल्द ही एक बड़ी मुहिम शुरू करने जा रहे हैं। इस बार सिर्फ फ्लेक्स हटाए नहीं जाएंगे, बल्कि संबंधित दोषियों पर चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

**सुधीर सिंह,** सीएमओ नगर पालिका सीहोर

## उपार्जन केंद्रों पर सुचारू रूप से संचालित हो उपार्जन का कार्यः कलेक्टर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को समय पर राहत पहुंचाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर ग्रामों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएं और डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में गतिविधियां आयोजित की जाएं।

उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही स्लॉट बुकिंग के अनुसार तय तारीख पर ही किसानों से गेहूं की खरीदी की जाए। उन्होंने सभी राजस्व एवं नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का निरंतर भ्रमण करने और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल तक जिले के कुल 737 किसानों से 3283.05 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। बैठक में चना-मसूर उपार्जन की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि अभी तक जिले में 122 टन चना और 96 टन मसूर की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पानी के बिल अधिक से समय लंबित हैं, वहां किस्तों में बिल की वसूली की जाए, ताकि राजस्व भी एकत्रित हो सके और नलजल योजनाएं भी चलती रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## सीएम के रोड शो में जेब कतरों की मौज, आधा दर्जन लोगों के मोबाइल और पर्स उड़ाए

### पुलिस ने 4 संदिग्धों को दबोचा, पूछताछ जारी




**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आष्टा प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक नजर आई। एक तरफ पुलिस का पूरा अमला सीएम के सुरक्षा घेरे को चाक-चौबंद करने में जुटा था तो दूसरी तरफ शातिर जेबकतरों और लुटेरों ने अपना 'काम' बखूबी अंजाम दिया। 12 अप्रैल को आयोजित रोड शो और लाड़ली बहना कार्यक्रम की भीड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने कई लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर दिया।

बता दें मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़े जनसैलाब के बीच अपराधी इतने बेखौफ थे कि उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में ही वारदातों को अंजाम दिया। फूलों की वर्षा और स्वागत की आपाधापी के दौरान कई नागरिकों को भनक तक नहीं लगी कि कब उनकी जेब कट गई। अब तक करीब चार से अधिक लोग पुलिस के पास चोरी की लिखित शिकायत लेकर पहुंच चुके हैं।

#### कोठरी में महिला के गले से चेन झपटी

सीएम के कार्यक्रम के दौरान ही पास के कस्बे कोठरी से भी एक बड़ी वारदात सामने आई। यहां जैन मुनि संस्कार सागर महाराज के प्रवास के दौरान जब महिलाएं 'आहार' की रस्म के लिए जा रही थीं, तभी एक बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे ने कैलाश जैन (चित्रलोक) की पत्नी के गले से दो तोले की सोने की चेन झपट ली। अचानक हुए इस हमले से महिलाएं सहम गईं, लेकिन फिर भी उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए लुटेरे का पीछा किया। हालांकि संकरी गलियों का फायदा उठाकर बदमाश भाग निकला।

#### 4 संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

लगातार हो रही चोरियों की शिकायतों के बाद आष्टा पुलिस हरकत में आई है। पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में घेराबंदी कर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी गिरीश दुबे के अनुसार मोबाइल और पर्स चोरी के संबंध में अब तक हमारे पास चार आवेदन आए हैं। संदेह के आधार पर चार व्यक्तियों को पकडक़र पूछताछ की जा रही है।

### पीएचई के मैकेनिकल विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# लापरवाहीः ग्रापं के प्रस्ताव के बिना ही निजी जमीन पर कर दिया सरकारी बोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी महकमों में लापरवाही का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बराड़ीकला के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़वेली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैकेनिकल विभाग ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक निजी जमीन पर सरकारी बोर खनन कर दिया है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बोर खनन किया गया था। लेकिन जब मशीन चली और बोर हुआ तो पता चला कि जिस स्थान पर सरकारी पैसा खर्च कर खनन किया गया है, वह जमीन किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति है। नियमानुसार सरकारी बोर हमेशा सरकारी जमीन पर ही होना चाहिए ताकि भविष्य में उस पर सार्वजनिक स्वामित्व रहे। निजी जमीन पर सरकारी बोर होने से अब इसके उपयोग और स्वामित्व को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।



**जांच के घेरे में पीएचई विभाग :** यह मामला भ्रष्टाचार या भारी लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। क्या विभाग के अधिकारियों ने मिलीभगत कर किसी निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी खजाने से बोर कराया है।

#### ग्राम पंचायत ने खड़े किए हाथ

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ ग्राम पंचायत के बयान से आया है। आमतौर पर पीएचई विभाग ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर ही खनन स्थल तय करता है, लेकिन ग्राम पंचायत बराड़ीकला के सचिव अखिलेश मेवाड़ा ने स्पष्ट किया है कि पंचायत की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया था। सचिव मेवाड़ा ने बताया कि ग्राम पंचायत हमेशा सरकारी जमीन पर ही बोर खनन का प्रस्ताव बनाकर देती है। निजी जमीन पर सरकारी बोर लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता और न ही हमारी ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया है।

## 39 डिग्री पहुंचा पाराः24 घंटे में 2 डिग्री बढ़ा तापमान, मौसम विभाग ने जताई लू चलने की आशंका



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जो एक दिन पहले 37 डिग्री सेल्सियस था। तापमान में लगातार हो रही इस वृद्धि के कारण लोगों को तेज धूप और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के साथ लू चलने की आशंका जताई है, जबकि जिले में बीते 3 दिनों से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भीषण गर्मी का दौर जारी है।

#### वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह की शुरुआत में मौसम का मिजाज अचानक बदला था। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से कुछ दिनों तक हल्की बारिश भी हुई थी। हालांकि, अब आसमान पूरी तरह साफ हो गया है और इन मौसमी प्रणालियों का असर समाप्त हो गया है, जिसके चलते तापमान में तेजी से उछाल आया है।

#### तापमान एक नजर में

9 अप्रैलः 38 डिग्री सेल्सियस
10 अप्रैलः 34 डिग्री सेल्सियस
11 अप्रैलः 36 डिग्री सेल्सियस
12 अप्रैलः 37 डिग्री सेल्सियस
13 अप्रैलः 39 डिग्री सेल्सियस

#### बीते 5 दिनों का अधिकतम तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल मौसम में किसी अन्य बदलाव की संभावना नहीं है और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ेगा। जिले में बीते 5 दिनों का अधिकतम तापमान इस प्रकार दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

## अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम में मदद करें

**हरदा।** जिला प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह समारोहों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से विवाह से संबंधित सभी सेवा प्रदाताओं से अपील की गई है। जिला हरदा के विवाह से जुड़ी सभी सेवाएं देने वाले पंडित, धर्मगुरु, होटल, केटरर, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, ब्युटी पार्लर, घोड़ी-बग्गी संचालक, मैरिज गार्डन मालिक, छायाकार, स्टूडियो संचालक एवं अन्य आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे विवाह से पूर्व बालक-बालिका की आयु का सत्यापन अवश्य करें। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुराग दुबे ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह न केवल कानूनन वर्जित हैं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। उन्होने नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2016 के तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### गेहूं उपार्जन के पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लिया

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किया गेहूं की वास्तविक उपज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में किसानों को गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने ग्राम स्तर पर पहुंचकर किसानों के खेतों का निरीक्षण किया।

उन्होने ग्राम अहलवाडा में जाकर किसानों से सीधे संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने खेतों में खड़ी एवं कटाई उपरांत रखी गई गेहूं की फसल का अवलोकन कर वास्तविक उपज का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने स्पष्ट किया कि शासन किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर तहसीलदार टिमरनी, जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदौरिया एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रशान्त कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जनगणना 2027 के तहत पहले चरण की शुरुआत 16 से

**हरदा।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण की शुरुआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक ह्यस्व-गणनाह्न प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है।

सुश्री वर्मा ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी। सुश्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वगणना के दौरान सही उत्तर देना धारा 8 के तहत अनिवार्य है। स्वगणना में सभी प्रश्नों का सही उत्तर दें।

### जनगणना हेतु नियुक्त प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण 15 से

**रहटगांव।** जनगणना 2027 के तहत तहसील जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी रहटगांव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति की सूचना मोबाईल संदेश के माध्यम से दी गई है तथा जनगणना कार्य हेतु नियुक्त सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण तीन बैच में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी में आयोजित किया है।

### निबंध व दीवार लेखन से जल संरक्षण का संदेश दिया

**हरदा।** प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में विकासखण्ड स्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबन्ध लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।

## उपार्जन केंद्र पहुंचे विधायक, किसानों से पूछा व्यवस्थाएं सही हैं या नहीं, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसानों की उपज सही तोल सही दाम पर बिकने और निश्चित समय पर पैसा मिलने सहित उपार्जन केंद्रों पर किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विधायक सुदेश राय सक्रिय बने हुए हैं। विधायक सुदेश राय सोमवार को दोराहा स्थित हरे कृष्णा उपार्जन केंद्र वेयर हाउस पर पहुंचे और सीधे गेहूं बेचने आए किसानों से उपार्जन केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

खाद नागरिक आपूति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा शासकीय स्तर पर बनाऐं गए उपार्जन केंद्रों पर किसानों से सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। विधायक सुदेश राय ने किसानों से पूछा कि तोल में कोई दिक्कत तो नहीं है पीने का पानी और बैठने के लिए छाया है नहीं। विधायक सुदेश राय ने उपार्जन केंद्र प्रभारी से किसानों के द्वारा बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष, केंटीन, पेयजल, फार्ट एंड बॉक्स की जानकारी और किसानों का कोई भी किसी प्रकार की परेशानी नही हो इस का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# महायज्ञ और नगर भोज के लिए दान स्वरूप 300 क्विंटल से अधिक सामग्री की एकत्रित

### भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में शामिल होंगे 84 जोड़े

**सीहोर।** आगामी 19 अप्रैल से शहर के न्यू बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासियों के तत्वावधान में होने वाले भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए यज्ञशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में इसके अलावा यहा पर नजदीक में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस सम्मेलन, महाकाल मंडल रामलीला आदि के लिए भी पंडाल लगाए जा रहे हैं। प्रतिदिन होने वाले नगर भोज के लिए दान आना प्रारंभ हो गया था। भंडारे के लिए क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने गेहूं, दाल, घी, तेल, शक्कर, चावल सहित अन्य सामग्री समिति को दान स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नगद राशि भी दान स्वरूप प्रदान की जा रही है। भोजन निर्माण के लिए भंडार गृह बनाया गया है। सोमवार को यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा आदि ने यहां पर जारी निर्माण कार्य का जायजा लिया।

यज्ञ संचालक संत कटारे बाबा ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल से होने वाले सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की



मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। सत्प दिवसीय 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है।

### पांच मंजिल महायज्ञ शाला बनी आकर्षण का केन्द्र

हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और क्षेत्रवासियों के सहयोग से शहर के बस स्टैंड के बाद जयंती कालोनी में बनाई जा रही आयोजित महायज्ञों में 21 कुंडीय 5 मंजिला यज्ञशाला आकर्षण का केंद्र है। संत श्री कटारे बाबा ने बताया कि यज्ञशालाओं का निर्माण आमतौर पर बांस, लीप्टिस, कुश और नारियल की रस्सियों का उपयोग करके किया जाता है। ये 5 से 7 मंजिल तक ऊंची हो सकती हैं, जो लगभग 55 फीट तक की ऊंचाई तक पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि पंडित श्री कटारे ने बताया कि हमारे ब्रह्मलीन पिता श्री द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है।

इसमें करीब 84 से अधिक यजमानों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा आहुतियां दी जाएगी। 19 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

20 अप्रैल को देव स्थापना, अग्नि स्थापना, हवन, अन्नाधिवास, एवं मानस सम्मेलन, 21 अप्रैल को देव पूजन, हवन, पुष्पाधिवास, लताधिवास, फलाधिवास के अलावा 22 अप्रैल को देव पूजन, हवन, मिष्ठानाधिवास, घृताधिवास, 23 अप्रैल को देव पूजन, हवन, महाभिषेक और भव्य शोभा यात्रा राम बारात, 24 अप्रैल को देव पूजन, हवन, प्राण-प्रतिष्ठा, महा आरती और 25 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला अभिसरण समिति की बैठक आयोजित



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित सभी ग्रामों में निर्माण विकास के कार्य व्यवहारिक और सर्वथा उपयोगी हों। उन्होंने कहा की गावों की आवश्यकताओं और उपयोग को ध्यान में रखकर कार्यों का निर्धारण करें, ताकि इस योजना का उद्देश्य सार्थक हो सके। उन्होंने चयनित ग्रामों में संचालित विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, प्रस्तावित कार्यों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए ग्रामों के समग्र विकास को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य चयनित ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए आवश्यक है कि सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### योजना में सीहोर जिले के 29 ग्राम शामिल

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सीहोर जिले के 29 ग्रामों को शामिल किया गया है, जिनमें आष्टा के 17, सीहोर के 05, इछावर के 05, बुधनी का एक और भैरूंदा का एक गांव शामिल है। चयनित ग्रामों की बात करें तो योजना में ग्राम कान्याखेड़ी, भानाखेड़ी, पटारिया चौहान, देवनखेड़ी, खेनियापुरा, भाऊखेड़ा, नवरंगपुर, गाजना, जताखेड़ा, भेरूपुर, ईसईलखेडी, परोलिया, बुरानाखेड़ी, लच्छीरामजीपुरा, पागरी, शोभाखेडी, अरनिया दाउद, बिजौरा, रामपलासी, डेंडी, तोरनिया, खारपा, कुल्हाडी, लसुडिया गौंडी, जाटखेड़ी, हिमतपुरा, लसुडिया शेखु, सनखेड़ी और श्यामुगांव शामिल है।

### संस्कार मंच के तत्वाधान में श्रद्धांजली अर्पित की

**सीहोर।** सोमवार को संस्कार मंच की बैठक का आयोजन शहर के श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी में किया गया था। इस मौके पर मंच के संरक्षक जितेन्द्र तिवारी ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान निलेश अग्रवाल निक्की की माता और राजा अग्रवाल की भाभी और स्व. मोहन अग्रवाल की धर्मपत्नी मालती देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित




**सीहोर।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों, लाड़ली बहनों और सभी महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, विशेष ग्राम सभाएं, संगोष्ठी, व्याख्यान सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे सहित संबंधित अधिकारी एवं महिलाएं शामिल हुईं।

### नौ दिवसीय श्रीराम कथा में भगवान राम की बाललीला का किया वर्णन

# जब तक ये विकार मन में हैं, तब तक श्री राम के दर्शन संभव नहीं:महंत उद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शास्त्रों में काम, क्रोध और लोभ को नरक के तीन द्वार माना गया है, जो आत्मा का पतन करते हैं। जब तक ये विकार मन में हैं, तब तक राम के दर्शन आत्मसाक्षात्कार संभव नहीं हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार का त्याग कर, सत्संग और नाम जप के द्वारा जब मन से काम-विकार हट जाते हैं, तब अंतरआत्मा में श्री राम के दिव्य दर्शन होते हैं। उक्त विचार शहर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कंचन विहार विश्वनाथपुरी में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में महंत उद्धवदास महाराज ने कहे।

महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान श्रीराम की बाललीलाओं का वर्णन करते हुए कहाकि अहंकार छोड़ने से ही शक्ति मिलती है। शक्ति से भक्ति मिलती है। समृद्धि और विकास के रास्ते भी तय होते हैं। आप भी अपने जीवन से घमंड या अहंकार छोड़कर देखें जीवन की परेशानियों हो जाएंगी दूर। मानव जीवन हमें हमारे पुण्य से मिला है, मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम नाम का जप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। प्रवचन के दौरान महाराज ने कहा कि हमें अपने दाम्पत्य जीवन में गंभीर होना चाहिए। पति-पत्नी, भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहु सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। रामायण हमें मर्यादा सिखाती है। नौ ग्रहों का भाग्य पर बड़ा असर पड़ता है पर नौ ग्रहों से ऊपर भी है भगवान का अनुग्रह जिस पर भगवान का अनुग्रह हो जाए उसके सारे ग्रह अनुकूल हो जाते हैं, दुनिया में किसी भी देश को माता होने का गौरव प्राप्त नहीं है यह भारत माता ही है जिसने परमात्मा को भी पुत्र के रूप में अवतरित कर लिया, भरतजी प्रेम का रूप है और आत्मा का पोषण प्रेम से ही होता है इसलिए रामायण में भरत के नाम की व्याख्या करते हुए गुरु वशिष्ठ ने भरत को भरण पोषण करने वाला बताया है, परमात्मा किसी के साथ भेदभाव नहीं करता आज का कर्म ही कल का भाग्य बनता है इसलिए संसार मे कर्म की प्रधानता है। लोभ, मोह, क्रोध और अहंकार को हटा सकें तब ही हृदय में राम का जन्म होता है। पूर्ण रूपेण सुखी और संतुष्ट होने के लिए हृदय में राम का प्राकट्य होना जरूरी है।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मप्र शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 11 एवं 12 अप्रैल को शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रषिक्षण संस्थान सीहोर में संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में डॉ. क्षत्रवीर सिह राठौर प्रांताध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, महामंत्री संजय राउत, संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों, समस्त संभागीय अध्यक्ष/सचिवों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही का संचालन प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता द्वारा किया गया।

बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलन, पूजन अर्चन के साथ किया गया। डाईट की छात्र शिक्षिकाओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन कर संगठन मंत्र के साथ बैठक प्रांरभ की गयी। बैठक में संगठन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में गुरु छाया कार्यक्रम माह अगस्त में मनाया जाये जिसमें प्रत्येक शिक्षक एक वृक्ष लगाये व उसका पालन पोषण करें। बैठक में टीईटी की परीक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई एवं अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने के लिए संगठन द्वारा प्रयास पर चर्चा की गयी। साथ ही शिक्षक, विद्यालय एवं विद्यार्थियों की अनेक समस्याओं पर चर्चा कर शासन से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की गयी। सीहोर जिले के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह की माता जी के आकास्मिक निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रांतीय कार्यकारणी ने सीहोर में बैठक के सफल आयोजन के लिए जिला कार्यकारीणी को धन्यवाद दिया। बैठक के अंत में कल्याण मंत्र बोलकर समापन किया गया।

## खबर संक्षेप

### फर्जी सीआरपीएफ डीआईजी गिरफ्तार



**देवास।** शहर में सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी सीआरपीएफ डीआईजी को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड क्षेत्र में संदिग्ध हालत में खड़ी लाल बत्ती लगी कार की जांच के दौरान युवक ने खुद को सीआरपीएफ डीआईजी बताया, लेकिन जांच में उसका आईडी कार्ड फर्जी निकला।पुलिस ने आरोपी सौरभ राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसके पास से नकली टोपी भी बरामद हुई। आरोपी भोपाल का रहने वाला है और ड्राइवर का काम करता है।कोतवाली टीआई श्याम चन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी बस स्टैंड के पास टैक्सी पासिंग कार खड़ी हुई है। पूछताछ और हुलिया से सामने आया कि व्यक्ति फर्जी तरीके से इस तरह का काम कर रहा है। विधिवत कार्रवाई करके थाना पर लाया गया। बीएनएस की धारा 318,319 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। गाड़ी में बत्ती लगी थी, पुलिस की कैप रखी हुई थी। गाड़ी में ड्राइवर भी था। जो आईडी कार्ड दिखाया गया वो फर्जी था। आरोपी सौरभ राणा निवासी भोपाल मूलतः सागर का निवासी है जो सर्विस सेंटर में काम करने वाला कर्मचारी है। ड्राइवर मोहन विश्वकर्मा निवासी भोपाल हैं जिसके द्वारा गाड़ी में लाल बत्ती लगाना पुलिस लिखवाया गया है।

### भोपाल हाईवे पर भीषण हादसा: दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

# सोनकच्छ से तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे थे, दर्दनाक हादसे में युवकों की गई जान

### भौरासा थाना अंतर्गत नेवरी फाटे पर देवास भोपाल हाईवे पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

जिले में भोपाल हाईवे पर नेवरी फाटा के पास शनिवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। भौरासा थाना अंतर्गत नेवरी फाटा चौकी के समीप शनिवार रात तेज रफ्तार एक्सयूवी कार (MP-09-NP-8000) अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे थे, एक की हालत नाजुकमृतकों में मोहित (22) निवासी ग्राम गुनाई भौरासा, शुभम (24) और प्रदीप (20) निवासी दूधलाई सोनकच्छ शामिल हैं। शुभम और प्रदीप सगे भाई थे। सभी युवक किसान परिवार से जुड़े थे और अपने दादाजी के नुक्ते (तेरहवीं) के लिए सामान लेकर सोनकच्छ से लौट रहे थे। हादसे के समय मोहित कार चला रहा था।हादसे में सचिन पिता दिलीप नागर निवासी सुल्पाखेड़ी बरोठा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल 112 और टोल टैक्स एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. राहुल गेहलोत ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे आदियोगी अस्पताल रेफर किया।घटना की सूचना मिलते ही भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







# डबल रजिस्ट्री कराकर 15 लाख रुपए हड़पने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### ऑपरेशन हवालात के तहत की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ऑपरेशन हवालात के तहत कमलापुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 26 जून 2024 को फरियादीया पूनम पति सूरज दुबे निवासी बाणगंगा इंदौर ने बागली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अनिल निषाद दलाल के माध्यम से 2024 में हरि सिंह पिता नंद सिंह राठौर निवासी ग्राम पालखा थाना कमलापुर व उसके लड़के सुरेंद्र उर्फ गब्बर सिंह से 15 लाख रुपए में ग्राम पालखा स्थित जमीन खरीदी गई थी, जिसकी आरोपी हरि सिंह द्वारा विधिवत रजिस्ट्री कराई गई थी, जिसमें फरियादी को बाद में पता चला कि जिस जमीन को देख कर आरोपी द्वारा रजिस्ट्री करवाई गई थी वह जमीन सरकारी है, और जिस भूमि सर्वे नंबर की जमीन की रजिस्ट्री की गई थी। वह जमीन किसी और के कब्जे में है और उक्त जमीन को आरोपी हरि सिंह ने 2022 में भी मनीष तिवारी व ओम प्रकाश यादव निवासी इंदौर को भी बेचकर रजिस्ट्री करवा चुका है। मीणा ने बताया कि फरियादी को जब इस बात का पता चला तो फरियादी ने अपने पैसे वापस मांगना चाहा किंतु आरोपियों द्वारा उसे पैसे लौटाने से इनकार कर दिया था। इसके पश्चात फरियादी द्वारा थाना बागली पर लिखित शिकायत की गई थी जिसकी जांच उपरांत आरोपी हरि सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत और अनिल निषाद के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

आरोपी गणों को जैसे ही पता लगा कि उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध हो गया है तभी से आरोपीगण लगातार फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के इनाम की घोषणा की गई थी। थाना प्रभारी कमलापुर मीणा के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी हरिसिंह राठौड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# रैली निकालकर शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम बागली के विधायक को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

शिक्षक साथियों की 30-35 वर्ष की सेवा के बाद 50-55 वर्ष की उम्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा लेना अव्यवहारिक और असंवेदनशील निर्णय है। मध्यप्रदेश अध्यापक -शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लाक बागली ईकाई द्वारा प्रादेशिक आह्वान पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बागली विधायक को दिया गया। इस दौरान शिक्षक साथियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी ज्ञापन की एक प्रति दी दी। ब्लाक की बागली, हाटपिपल्या तथा उदयनगर तहसील के सैकड़ों अध्यापक - शिक्षक साथी पुराने तहसील भवन प्रांगण में उपस्थित होकर रैली के रूप में विधायक निवास और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे। शिक्षक साथियों ने अपने वरिष्ठ शिक्षक साथी सुभाष चावड़ा का भी सेवानिवृत्त होने पर सामूहिक अभिनंदन किया। इस अवसर बडी संख्या में महिला और पुरुष शिक्षक उपस्थित रहे तथा आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में प्रांतीय आह्वान पर अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए संकल्प लिया।




# सांदीपनि विद्यालय में हुआ उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय बागली में मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार द्वारा टॉपर छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पानी की बोतल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में वर्तमान में कुल 45 स्टाफ सदस्य कार्यरत हैं, आगामी समय में स्टाफ की संख्या बढ़ाकर 71 करने की योजना भी बनाई गई है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके।विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश डाबी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। सत्र 26-27 में 1830 छात्र छात्राओं का लक्ष्य बताया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक परिहार ने किया व आभार सोनिया वर्मा ने व्यक्त किया।



# उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवास गायत्रीराजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार अन्य अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति तथा हितग्राहीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई हितग्राही योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके क्रियान्वयन के लिए टीमें गांव-गांव, घर-घर जाकर संपर्क करेंगी और उन अगर कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह गए हों तो उनकी भी सूची तैयार करके उन्हें हितलाभ दिया जाएगा। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण का अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, इसमें महिला आरक्षण का बिल लाया जाएगा।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म हुआ था। बाबा साहब की यह जयंती पूरे देश में उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जाती है। हम सब को पता है कि भारत का संविधान जो पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान है। उस संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी और उसके संयोजक थे। पूरे विश्व में भारत के संविधान की एक अलग पहचान है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचारक और विद्यवान थे। वे साधारण परिवार से थे, परंतु उन्होंने कठिन परिश्रम कर विदेश में पढ़ाई की एवं पढ़ाई कर शीर्ष स्तर तक पहुंचे। वे देश के केंद्र में कानून मंत्री भी रहे हैं। बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया और हम सब को गर्व है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। यह मध्यप्रदेश के लिए बढ़ी ही गौरव की बात है। ऐसे महान व्यक्ति का जन्म हमारे मध्यप्रदेश के महू में हुआ। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने सारे गरीब, शोसित और जो समाज में सबसे कमजोर वर्ग के लोग थे, उनके बारे में पूरा विचार किया और उनके लिए संघर्ष करके उन्हें उनका अधिकार दिलवाया। उन्होंने समाज में समरसता का भाव कैसे हो यह बात उन्होंने अपने विचारों से समाज के अंदर प्रोत्साहित करके और संघर्ष करके उनको स्थान दिलाने का कार्य किया।

### उपायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**देवास।** निगम उपायुक्त वित्त दीपक पटेल द्वारा वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 9 में सड़कों की नियमित सफाई, बड़े नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के साथ उज्जैन रोड कमर्शियल एरिया एवं स्ट्रीट वेंडर जोन का निरीक्षण किया जिसमें फव्वारों,लिटरबिन रिपेयर हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक को उज्जैन रोड नाले की नियमित सफाई, खुले प्लाटों में कचरे पर नियंत्रण लगाए जाने तथा समयबद्ध कूडा उठाने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही अतिक्रमण टीम के साथ अभियान चलाकर कहा गया।

# लंबे अरसे के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र का उपमुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर परिषद करनावद में सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत बने नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण लंबे इंतजार के बाद रविवार के दिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा किया गया जिसको लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा था।

उक्त भवन पुर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे के प्रयास से क्षेत्र की जनता के लिए स्वीकृत हुआ था।रविवार के दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा नगर करनावद पहुंचे जहां पर नगर परिषद के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उक्त स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जल प्रदाय योजना के लिए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया,नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ महेश परमार सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।नगर परिषद द्वारा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत किया गया। जल प्रदाय योजना का संचालन शुरू होने के बाद नगर में पेयजल समस्या से नगर वासियों को निजात मिलेगी।

### स्वाभिमान यात्रा को लेकर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संघ द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित

# धूमधाम से निकलेगी यात्रा, सर्व समाज को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली स्वाभिमान यात्रा को लेकर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संघ (डेरिस 50 फाइटर्स टीम), जिला देवास द्वारा स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार सभा गृह मल्हार स्मृति में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन की राष्ट्रीय महासचिव बबीता चौहान ने स्वाभिमान यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा का 10 वां वर्ष है।

बोधिसत्व, संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर निकलने वाली स्वाभिमान यात्रा इस वर्ष भी भव्य रूप में निकलेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। हमे बाबा साहब को सिर्फ माला पहनाने व जय भीम जय भीम के नारो तक ही सीमित नहीं रहना है, अपितु बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। जिससे देश व समाज की प्रगति हो और आपस में समरसता बनी रहे। यात्रा में हजारों की संख्या में अंबेडकर अनुयाई व समाजजन की शामिल होने की संभावना है। स्वाभिमान यात्रा की तैयारी गांव गांव जाकर जनसंपर्क कर संगठन द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। जिले सहित प्रदेशभर में बैठको का दौर जारी है। यात्रा में पारम्परिक आदिवासी नृत्य, बग्गी, घोड़े ,ढोल, डीजे, बाबा साहब की जीवनी पर आधारित आकर्षक झांकियां, संत-महापुरूषो के विचारो के पोस्टर व चित्रण आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगी। संगठन जिलाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक हेमंत मालवीय ने देवास शहर सहित जिलेभर के सर्वसमाज के लोगो से यात्रा में उपस्थित होने का आव्हान किया, जिससे सामाजिक समरसता उभरकर सामने आए और एक-दूसरे के प्रति सभी का आदर व सम्मान बना रहे। मालवीय ने बताया कि यात्रा 14 अप्रैल को शाम 4 बजे केपी कॉलेज नाहर दरवाजा से शुरू होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उज्जैन तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पहुंचकर सम्पन्न होगी।




जिला सचिव विक्की मालवीय ने संगठन के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारा संगठन स्वाभिमान यात्रा तक ही सिमित नहीं है। वर्षभर हमारे कार्यकर्ता रक्तदान के साथ जनहित व समाजहित के मुद्दे उठाते रहते है। संगठन द्वारा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस भी गांव-गांव में संचालित की जाती है। इस अवसर पर प्रकाश सुनवानिया, गजेंद्र बामनिया, सुशील शिंदे, राजेश मालवीय, संजय जाटवा, कमल मकवाना, राकेश राठौर, अजय चौहान, सुरेश चौहान, सुरेश अगिरवार, रवि सोलंकी, विनोद चौहान, राधे परमार, श्याम अहिरवार,राजेश बंजारिया, राकेश अहिरवार, राधेश्याम मकवाना, देवेंद्र चौहान, विजय मालवीय, अमन सहित बडी संख्या में संगठन कार्यकर्ता व समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### आमला चौराहे पर किया मंत्री विजयवर्गीय और प्रभारी मंत्री का स्वागत

**नलखेड़ा।** शनिवार को आगर से सुसनेर कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मंत्रीद्वय का नलखेड़ा नगर व आसपास के पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आमला चौराहे पर मंच बनाकर स्वागत किया गया। स्थानीय भाजपा नेता अमित तांतेड़ द्वारा बनाए गए मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का स्वागत कर प्रभु श्रीराम का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, बड़ागांव नप के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव,पार्षद गोवर्धन वेदिया, मंडल महामंत्री शिवम नागर, दिनेश धूपिया आदि उपस्थित थे।

आयुष्मान भारत के साथ रोगी कल्याण समिति की राशि भी ट्रांसफर हुई

# कलेक्टर के पास पहुंची आयुष्मान घोटाले की जांच रिपोर्ट, कलेक्टर के एक्शन का इंतजार

### कई बड़े अधिकारी आ सकते हैं कार्यवाही की जद में,46 लाख से अधिक का है घोटाला,डेढ़ माह की जांच रिपोर्ट में कई बड़े खुलासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की इनसेंटिव राशि में 46 लाख रुपए के घोटाले को उजागर होने के ढाई माह बाद आखिरकार इस मामले की जांच सीहोर कलेक्टर बालागुरु के तक पहुंच गई है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर की कार्यवाही का इंतजार है लिहाजा पहले दिन से ही स्पष्ट था कि प्रमोद परमार और आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा के .साथ लेखापाल और तत्कालीन अधिकारी इस घोटाले में शामिल है। ऐसे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम की दो माह की पड़ताल के बाद अब धीरे धीरे पूरे घोटाले से पर्दा उठने भी लग गया है और एक तरफ इस घोटाले में बैंक अधिकारी सहित भोपाल के दो आयुष्मान अधिकारियों के शामिल होने की खबर मिल रही है। वहीं दूसरी और आयुष्मान भारत की प्रोत्साहन राशि के इलावा रोगी कल्याण समिति की राशि को भी गलत तरीके से अन्य लोगों के खातों में ट्रांसफर किया गया है जिससे यह मामला अब और बड़ा होता नजर आ रहा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि यदि कलेक्टर ने जांच टीम की प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट को बारीकी से पड़ताल की तो स्वास्थ महकमे के कई बड़े अधिकारियों पर बड़ा एक्शन देखने को मिल सकता है और जिले में अब तक की बड़ी कार्यवाही हो सकती है खेर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया की 6 सदस्य जांच टीम अपना काम कर चुकी है। अब गेंद जिले के प्रशासनिक कप्तान जिला दंडाधिकारी बालागुरु के पास है और अब सभी को इस घोटाले के आरोपियों पर कार्यवाही का इंतजार है।

#### 6 सदस्यीय जांच टीम ने डेढ़ महीने तक की बारीकी से पड़ताल

आयुष्मान नीरायमय विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया के आदेश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने 10 फरवरी को सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव, डॉक्टर अंकित चांडक, डॉक्टर सोनल डागा, डॉक्टर क्षमा बर्वे, रवि जैन ,अर्जुन सूखेजा सहित 6 सदस्यीय जांच का गठन किया था। वही लगातार डेढ़ महीने में आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के पोर्टल को खंगाला गया तो 1000 हजार से ज्यादा पन्नों के बैंक स्टेटमेंट जब्त किए गए तो इस दौरान घोटाले से जुड़े प्रमुख आरोपी प्रमोद परमार और जगदीश मेवाड़ा सहित तत्कालीन तीनों बीएमओ डॉक्टर प्रवीर गुप्ता, डॉक्टर सुरेश माहौर, डॉक्टर जीडी सोनी और तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा के बयान लिए गए। लिहाजा आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के सख्त निर्देशों और हिदायतों के चलते भी जांच टीम ने कई मुख्य बिंदुओं पर जांच की है जिसका परिणाम यह है कि इस घोटाले की जांच रिपोर्ट के कई चौंकाने वाले खुलासे होना बाकी है।

**अधिकारियों के हस्ताक्षर से हुई राशि की निकासी, कई कर्मचारी और अधिकारियों पर हो सकती है एफआईआर :** 6 सदस्यीय जांच टीम की जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि सिविल अस्पताल के फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने जहां अपने रिश्तेदारों पत्नी दीक्षा परमार,कांता परमार,बबीता परमार, शुभम परमार के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की है तो वही जगदीश मेवाड़ा ने अपनी पत्नी के खातों में राशि ट्रांसफर की थी। यह इन राशियों का भुगतान के दस्तावेजों में तत्कालीन लेखापाल सहित तत्कालीन बीएमओ के हस्ताक्षर होना सीधे तौर पर पाया गया है।

वही इस घोटाले में आष्टा का एक बैंक कर्मी और भोपाल आयुष्मान विभाग के दो अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है। लिहाजा पूरे घोटाले में बड़े स्तर पर कार्यवाही देखने को मिल सकती है सिर्फ इंतजार कलेक्टर की कार्यवाही का है।

#### रोगी कल्याण समिति की राशि भी अपने रिश्तेदारों के खातों में भेजी

6 सदस्यीय जांच टीम की पड़ताल में यह भी सामने आया है कि जहां प्रथम चरण में यह मामला सिर्फ आयुष्मान योजना इनसेंटिव की 46 लाख रुपए की राशि के घोटाले का है लेकिन जांच टीम की पड़ताल में यह भी सामने आया कि भ्रष्ट स्वास्थ विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रोगी कल्याण समिति की राशि भी अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर डाली है जिससे यह मामला अब 46 लाख रुपए पर सिमट कर नहीं रहने वाला है अब यह मामला करोड़ों रुपए से अधिक जाने वाला है।

#### कलेक्टर साहब को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है सीएमएचओ

इस मामले पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने बताया कि हमारी 6 सदस्यीय जांच टीम का प्रतिवेदन मिल चुका है जांच का निष्कर्ष आ गया है और हमने कलेक्टर साहब को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जल्द ही जो भी दोषी होंगे उन पर कार्यवाही के आदेश जारी होंगे।



समाजजनों द्वारा की गई अगवानी

## चंदनबाला श्रीजी का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि ठाणा 5 का रविवार को मंगल प्रवेश हुआ। समाज जनों द्वारा गुरूवर्या की अगवानी कर नगर में प्रवेश जुलूस निकाला गया।

नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी का निर्माण कार्य चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि साध्वी मंडल के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में संपन्न होकर मंदिर दादावाड़ी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के बाद चंदनबाला श्री जी म.सा. का नलखेड़ा नगर में रविवार को आगमन हुआ। जैन समाज जनों द्वारा प्रातः 8:00 बजे शिवाजी चौराहा से नगर में बैंड बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ मंगल प्रवेश का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह के दौरान स्थान-स्थान पर समाज जनों द्वारा अगवानी कर गुरूवर्या श्री के समक्ष गहूली की गई। चल समारोह में हेम प्रभा महिला मंडल तथा चंद्रप्रभु बहु मंडल की सदस्या ड्रेस कोड में हाथों में मंगल कलश लिए चल रही थी। प्रमुख मार्गो से चल समारोह श्री चंदा प्रभुजी जिन मंदिर पर पहुंचा जहां पर चैत्य वंदन कार्यक्रम के बाद जैन आराधना भवन में गुरूवर्याश्री के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। गुरूवर्या चंदनबाला श्री जी म.सा. आदि ठाणा 05 जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर विराजित रहेंगे जहां पर प्रतिदिन प्रातः 9:30 से 10:30 तक प्रवचन का कार्यक्रम होगा।



चंदनबाला श्रीजी की पावन निश्रा में नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी के शिखर पर नूतन ध्वजा कार्यक्रम 22 अप्रेल को होगा।

## पंचकोशी यात्रियों की सेवा कर निभाया सामाजिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

उज्जैन में चल रही पांच दिवसीय पंचकोशी यात्रा के दौरान रविवार को तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी ने यात्रियों की सेवा कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। लगभग 100 किलोमीटर से अधिक की इस पैदल यात्रा में देशभर से आए श्रद्धालु सुख-शांति और मनोकामना पूर्ति की भावना के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। इस यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। इसी क्रम में रविवार को तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने यात्रियों के लिए विशेष सेवा शिविर लगाया। सेवा स्थल पर यात्रियों के बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई तथा करीब दो हजार गिलास ठंडा रसना और ठंडा पानी वितरित



किया गया। भीषण गर्मी में ठंडे पेय और पानी की सुविधा मिलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली। संस्था के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार पिछले तीन वर्षों से पंचकोशी यात्रियों की सेवा करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि मानव सेवा से आत्मिक शांति मिलती है और बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उन्हें यह सेवा करने का अवसर मिला है। समिति ने आगे भी इसी तरह सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव ने जावर के लिए करोड़ों रुपए की सौगात की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आष्टा शहर में आयोजित हुए लोकर्पण और भूमिपूजन एवं लाड़ली बहना सम्मेलन के कार्यक्रम में हमारी नगर परिषद जावर के नवीन विकास कार्यो की गई मांग को आगे बढ़ाते हुए। क्षेत्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी एवं विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव से कार्यक्रम के दौरान बड़े ही विनम्र भाव से आष्टा विधानसभा क्षेत्र को आईटीआई कालेज सहित करोड़ो के नवीन विकास कार्यो की सौगात दिलाई। जिसमे जावर नगर परिषद में शहरी सौन्दर्यकरण के कार्य एवं महाविद्यालय जावर में लम्बें समय से छात्रों की मांग चली आ रही जिसको भी ध्यान में रखते प्रदेश के मुख्या द्वारा विज्ञान संकाय प्रारम्भ करने की घोषणा की गई । नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान द्वारा बताया गया कि मुख्य नगर परिषद अधिकारी हरीश सोनी और परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य ,अध्यक्ष प्रतिनिधि मानोज वैद्य एवं सभी परिषद के पार्षदगणो ने नगर में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो मांग तैयार कर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से मांग की उन्होंने हमारी सभी मांगो को तत्काल आगे बढ़ाते हुए अपने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मांग पत्र में शामिल कर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की गई जिसके तहत नगर को मिली बड़ी सौगात हम सभी परिषद के पार्षद नगर विकास की इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव,प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर



,भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का नगर जावर की और से बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करते है और आशा करते है कि आप हमारे नगर जावर के निरंतर विकास के अपना अमूल्य समय देकर विकास में सहयोग प्रदान करे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**आष्टा।** अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 18 एवं 19 अप्रैल को विविध धार्मिक,सांस्कृतिक एवं परिणय उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किए जाएंगे। इसी श्रृंखला में आज स्थानीय शास्त्री स्कूल में भगवान परशुराम जी के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में ब्राह्मण समाज के कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही महिलाओं ने भी इसमें अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में भगवान परशुराम के जीवन, उनके पराक्रम एवं आदर्शों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिससे बच्चों एवं उपस्थितजनों का ज्ञानवर्धन हुआ।



इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भगवान परशुराम जी के आदर्शों से परिचित कराना एवं उनमें सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों का संचार करना रहा। कार्यक्रम में समाजजनों की सक्रिय उपस्थिति रही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को समिति की ओर से स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर अखंड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी, संरक्षक प्रेम नारायण शर्मा,कोषाध्यक्ष संजीव दीक्षित, महासचिव नवीन शर्मा, निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवं नोटरी, आचार्य योगेश शर्मा, कपिल शर्मा, कृष्णा शर्मा, यश शर्मा, बालिका मंडल अध्यक्ष अशमिका भारद्वाज ,महिला मंडल अध्यक्ष नीता तिवारी, विजयश्री शर्मा, बीना पुरोहित एवं महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

तपस्या के माध्यम से हम अपने मनुष्य जीवन को सफल कर सकते

# अभयदान सबसे श्रेष्ठ दान, धर्म के मर्म को समझें: मुनिश्री ज्ञानेश मुनिराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री महावीर श्वेतांबर जैन मंदिर गंज स्थित उपाश्रय में विराजमान वाणी के जादूगर, वात्सल्य रत्नाकर आचार्य भगवंत जीतरत्न सागर सूरीश्वर महाराज एवं उनके शिष्य मुनिश्री ज्ञानेश मुनिराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में धर्म के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि तपस्या के माध्यम से हम अपने मनुष्य जीवन को सफल बना सकते हैं।चार प्रकार के दानों में अभयदान सबसे महत्वपूर्ण है। यह वह दान है जिसमें सभी जीवों के प्रति मैत्री, करुणा और अहिंसा की भावना निहित होती है। जब व्यक्ति यह भाव रखता है कि “संसार के सभी जीव मेरे मित्र हैं”, तभी सच्चे अर्थों में अभयदान की भावना विकसित होती है।मुनिश्री ज्ञानेश मुनिराज ने आगे कहा कि भगवान ने जो मार्ग बताया है,वह केवल उनके आत्मकल्याण के लिए नहीं, बल्कि समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। धर्म का लाभ केवल तप करने से ही नहीं,बल्कि तप की अनुमोदना करने से भी प्राप्त होता है। इसलिए हर व्यक्ति को धर्म कार्यों में सहभागिता और समर्थन दोनों भावों से करना चाहिए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि धर्म के मामले में “बनियागिरी” नहीं करना



चाहिए, अर्थात धर्म को लेन-देन या स्वार्थ से नहीं जोड़ना चाहिए। धर्म का मूल भाव त्याग,समर्पण और आत्मशुद्धि है। जब तक मनुष्य संसार की आसक्ति से स्वयं को अलग नहीं करता, तब तक सच्चे धर्म का अनुभव संभव नहीं है।

मुनिश्री ने जैन धर्म की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें परमात्मा की आराधना के साथ उनके प्रत्यक्ष स्पर्श और प्रक्षाल (अभिषेक) की परंपरा भी है। भगवान की प्रतिमा से सकारात्मक ऊर्जा निकलती है, जो श्रद्धा भाव से दर्शन एवं प्रक्षाल करने वाले भक्तों को प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति लक्ष्मी (धन) का सदुपयोग नहीं करता, तो उसका मन मलिन हो जाता है। धर्म और सेवा में धन का उपयोग ही उसे पवित्र बनाता है। भगवान महावीर स्वामी को भावपूर्वक नमन करने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से अपने जीवन में कल्याण की दिशा में आगे बढ़ता है।

मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को आत्ममंथन करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि कई बार प्रवचन सुनने के बाद भी लोगों का कल्याण नहीं होता,क्योंकि उनका मन स्थिर नहीं रहता। केवल्यज्ञान (मोक्ष) की इच्छा तो सभी करते हैं, लेकिन उस मार्ग पर चलने का साहस और अनुशासन कम ही लोग अपनाते हैं।उन्होंने भगवान के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि दीक्षा के समय भगवान ने अपने शरीर पर चंदन का लेप लगाया था और वे साधना में इतने लीन रहते थे कि बाहरी संसार से उनका कोई संपर्क नहीं रहता था। उनके शरीर से आने वाली चंदन की सुगंध से भी लोग प्रभावित होते थे, किंतु वे आत्मसाधना में ही तल्लीन रहते थे। मुनिश्री ने आगे कहा कि इस जन्म में केवल्यज्ञान की प्राप्ति कठिन है, लेकिन यदि व्यक्ति सही मार्ग पर चलता है, तो भविष्य में मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। “विजय क्षेत्र” में मोक्ष मार्ग सक्रिय है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए अभी से संयम, त्याग और साधना का अभ्यास करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि असक्ति (मोह) को त्यागना ही मोक्ष की दिशा में पहला कदम है। साथ ही, जीवन में संयम भी अत्यंत आवश्यक है।क्षमता से अधिक भोजन करना भी दुख का कारण बनता है।धर्म साधना के अंतर्गत वर्षीतप, नवपद ओली जैसी तपस्याओं का विशेष महत्व बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि तप के दौरान आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है, हालांकि पारणा (उपवास खोलने) के समय परिस्थितियां अनुकूल नहीं भी हो सकतीं। फिर भी, धर्म के नियमों के अनुसार तप करना ही सच्ची साधना है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान (19 मार्च 2026 से 31 जून 2026) के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति एवं नगर परिषद सीएमओ नरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशानुसार शहर के प्रमुख चौराहों पर आमजन हेतु प्याऊ (पेयजल व्यवस्था) स्थापित किए गए, जिससे राहगीरों को स्वच्छ पेयजल सुलभ हो सके। साथ ही, स्वच्छ




सर्वेषण 2025-26 के अंतर्गत शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कचरा वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से नागरिकों को अपने घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग (गीला एवं सूखा) कचरा गाड़ियों में डालने हेतु प्रेरित किया गया। नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे जल संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं जल-संपन्न बनाने में सहयोग करें।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र.**

प्र.क्र.0/अ-20(3)/2025-26
आष्टा दिनांक 01/04/2026
**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासीगण ग्राम रोलागाव की ओर सूचनार्थ प्रकाशित की जाती है कि आवेदक/आवेदिका ग्राम पंचायत रोलागावं पंचायत सचिव तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम रोलागाव स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 241 रकबा 0.219 हेक्टर नोईयत शासकीय भूमि विषयक राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरीत हेतु निवेदन किया गया है उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।उपरोक्त संबंध में जिस किसी ग्रामवासी या व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं मान्यता प्राप्त अभिकर्ता एवं वकील के माध्यम से दिनांक 21/04/2026 तक. प्रस्तुत कर सकता है। मियाद उपरांत आपत्ति प्रस्तुत करने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**आष्टा**